**Construction of 720 Bedded Dr. Bhim Rao Ambedkar SC/ST Residential School (10+2) at Baikunthpur, Distt - Gopalganj FY-2025-26 (With Electrical), Tender ID–124474 का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण सहित) से संबंधित निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति की दिनांक–06.07.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाहीः–**

---

<u>उपस्थितिः</u>–

(i) श्री प्रणव कुमार, – अध्यक्ष
सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर, – सदस्य
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–
विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

(iii) ई0 रामाज्ञा कुमार, – सदस्य
मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) श्री विकास कुमार पाण्डेय, – सदस्य
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | Construction of 720 Bedded Dr. Bhim Rao Ambedkar SC/ST Residential School (10+2) at Baikunthpur, Distt - Gopalganj FY - 2025-26 (With Electrical) Tender ID - 124474 |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹65,80,11,000/– (अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग का ज्ञापांक–169 दिनांक–11.09.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (असैनिक कार्य+O/M work + विद्युतीकरण कार्य सहित) | – | ₹60,87,14,975/– {मुख्य अभियंता (नि0) का पत्रांक–97 (नि0) अनु0 दिनांक–28.01.2026, मुख्य अभियंता (वि0) का पत्रांक–86 (वि0) अनु0 दिनांक–28.01.2026} |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि (विद्युतीकरण कार्य सहित) | – | ₹59,21,01,600/– |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 10.02.2026 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 29.03.2026 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 30.03.2026 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | (a)दिनांक–13.03.2026 को 12.30 बजे अपराह्न में अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, छपरा के कार्यालय कक्ष में।<br>(b)दिनांक–20.03.2026 को 12.30 बजे अपराह्न में मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 18 (अठारह) माह |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम एवं दिनांक | – | प्रभात खबर, दिनांक–12.02.2026 |
| 11. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 23816(भवन)2025–26 |
| 12. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | (i) M/s Prakash Construction, NC5, Gyatri Mandir Road, Kankarbagh, Patna-800020<br>– (ii) MK Infrabuild Ventures India Private Limited, Behind Lalita Hotel, East Bc Road, B.C.Road, Patna Bihar-800001<br>– (iii) S K Construction, MTC Building, Thangal Bazar, opp. Uco Bank, Imphal, Manipur-795001. |

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षाः-**

**प्रथम बार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान में):-** विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार प्राप्त निविदा में उपर तीन निविदाकार द्वारा भाग लिया गया। उक्त सभी निविदाकारों का तकनीकी बीड कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गोपालगंज का पत्रांक-524 अनु0 दिनांक-01.04.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त सभी निविदाकारों तकनीकी बीड के अभिलेख का मूल्यांकन इस शर्त के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया कि निविदाकारों द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच हेतु भेजे गये अभिलेख में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली पाये जाने संबंधित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होती है तो उक्त निविदाकार के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोंपरांत पाया गया किः-

(i) प्रथम निविदाकार "M/s Prakash Construction, NC5, Gyatri Mandir Road, Kankarbagh, Patna-800020" है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि इनके द्वारा अपलोड किये गये Tools & Plants के अन्तर्गत form 'F' का सूची संलग्न किया गया है। परंतु Attached Owned Voucher संलग्न नहीं पाया गया। अतः इन्हें कंडिका-12 के अन्तर्गत Eligibility Criteria के अनुसार **नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार "MK Infrabuild Ventures India Private Limited, Behind Lalita Hotel, East Bc Road, B.C.Road, Patna Bihar-800001" है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक-4203(E) दिनांक-22.06. 2026 के द्वारा कालीकृत किया गया है। इस निविदा के प्राप्त करने की अंतिम तिथि-30.03.2026 है। चूकि निविदाकार को कालीकृत करने की तिथि इस निविदा के प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद की है। विदित हो कि पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-प्र06/द0वि0-नियम-03-02/2004-533(S) दिनांक- 23.01.2013 के कंडिका-ii में उल्लेखित है कि ***"निविदा प्राप्ति के उपरांत एवं निविदा निष्पादन की प्रक्रिया के दौरान यदि संवेदक का ऐसा कृत्य संज्ञान में आता है जिसके कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 की कंडिका-11(क) के तहत उनपर आपराधिक मामला बन जाता है अथवा उनका निबंधन कालीकृत/निलंबित हो जाता है तो ऐसी स्थिति में भी उनकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा"***। उक्त पत्रांक के आलोक में निविदाकार "Mk Infrabuild Ventures India Private Limited, Behind Lalita Hotel,East Bc Road, B.C.Road, Patna Bihar-800001 (Reg No-1260079, Bcd Class-1)" को तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iii) तृतीय निविदाकार "S K Construction, MTC Building, Thangal Bazar, opp. Uco Bank, Imphal, Manipur-795001." है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि इनके द्वारा अपलोड किये गये Fire Fighting से संबंधित Specialised Agency का नाम अंकित नहीं पाया गया। साथ ही Tools & Plants के अन्तर्गत form 'F' का सूची संलग्न नहीं पाया गया। अतः इन्हें कंडिका-3C(iii) एवं कंडिका-12 के अन्तर्गत Eligibility Criteria के अनुसार **नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

15. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-

सम्यक् विचारोपरान्त समिति के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस निविदा में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं रहने के कारण वर्त्तमान निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने की अनुशंसा की गयी। साथ ही उक्त अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। तद्‌लोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

16. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक-30.06.2026 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा में तीनों निविदाकारों के असफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक 30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **"पुनर्निविदा"** करने का निर्णय लिया गया।

17. विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर डाली जाय।

6/7/26

(विकास कुमार पाण्डेय)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार
भ0नि0वि0, पटना।

6.7.26

(रामाज्ञा कुमार)
मुख्य अभियंता(उत्तर)
भ0नि0वि0, पटना।

6.7.26

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष
सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

(प्रणव कुमार)
सचिव 6/7/26
भ0नि0वि0, पटना।

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक- भ0उ0वि0/यो0(छप0)-02/2026-3357 पटना, दिनांकः- 6/7/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

6.7.26

मुख्य अभियंता (उत्तर)।